दिन– मंगलवार

दिनांक– 26 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. राज्य के दस लाख बीपीएल परिवारों के घरों पर लगेंगे सौर ऊर्जा संयंत्र। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दिया निर्देश।

02. पटना के आईजीआइएमएस में आयुष्मान भारत योजना में फर्जीवाड़े का हुआ खुलासा। चार आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज।

03. राज्य सरकार ने मनरेगा के तहत जल संसाधन विभाग की तीन हजार एक सौ चौरानवे योजनाओं को मंजूरी दी।

04. और, प्रदेश के उत्तरी और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————

राज्य के दस लाख बीपीएल परिवार के घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे। इससे उनके घरों में सौर ऊर्जा से बिजली पहुंचेगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पदाधिकारियों को बीपीएल परिवारों के लिए लागू कुटीर ज्योति योजना के उपभोक्ताओं के घरों में सोलर संयंत्र लगाने की योजना में तेजी लाने का निर्देश दिया है। ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में श्री चौधरी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर भी तेजी से काम करने और इसमें अधिक से अधिक घरों को शामिल करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये।

————————————————————————

पटना स्थित आईजीआईएमएस में आयुष्मान भारत योजना के तहत पैंतालीस लाख रुपये गबन का मामला सामने आया है। आईजीआईएमएस के मीडिया प्रभारी डॉ. विभूति प्रसन्न सिन्हा ने बताया कि काउंटर पर कार्यरत आउट सोर्सिंग कर्मियों ने रोगी के फर्जी दावों और नकली मेडिकल बिल जमा करा धोखाधड़ी की है। उन्होंने बताया

कि इस मामले में चार आउटसोर्सिंग कर्मियों समेत अन्य पर शास्त्री नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने मनरेगा के अंतर्गत जल संसाधन विभाग की तीन हजार एक सौ चौरानवे योजनाओं को स्वीकृति दी है। इन पर लगभग दो सौ बीस करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन योजनाओं से विभिन्न जिलों में नहर सफाई, जल निकासी और सिंचाई से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग और जल संसाधन विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को लेकर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इसमें मनरेगा के अंतर्गत आवंटित राशि के प्रभावी उपयोग को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में नहरों और जल निकासी तंत्र की सफाई के माध्यम से सिंचाई क्षमता बढ़ाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण कार्यों को गति देने पर बल दिया गया।

———————————————————————

राज्य सरकार के सभी अधिकारी और कर्मचारी सपरिवार प्रत्येक तीन माह पर दो दिन किसी पर्यटन स्थल पर प्रवास करेंगे। राज्य सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'बिहार दर्शन' कार्यक्रम की शुरूआत की है। इसके तहत सरकारी कर्मी अपने गृह जिले को छोड़कर किसी अन्य जिले में दो दिन और दो रात के लिए सपरिवार पर्यटन, इकोटूरिज्म या ग्रामीण पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेंदर ने इस संबंध में प्रमंडलीय आयुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित सभी विभागीय प्रमुखों को दिशा निर्देश जारी किया है।

———————————————————————

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने अधिकारियों को पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। पेयजल संकट से निपटने और भूजल स्तर की निगरानी को लेकर पटना में हुई समीक्षा बैठक में श्री अमृत ने वर्तमान में बंद पड़े छियासी हजार छह सौ उनासी चापाकलों की मरम्मत के काम में तेजी लाने को कहा। उन्होंने प्रत्येक प्रखंड में कार्यरत भ्रमणशील मरम्मत दल को पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने संभावित सुखाड़ को देखते हुए दक्षिण बिहार के जिलों पर विशेष नजर रखने का अधिकारियों को निर्देश दिया।

———————————————————————

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री, डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने शिवहर परिसदन में वन प्रमंडल के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण के साथ कृषि वानिकी योजना के शत–प्रतिशत लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए।

————————————————————

राज्य के सभी पुलिस थाने अगले तीन महीने में राष्ट्रीय नेटवर्क– इंटर ऑपरेवल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम से जुड़ जाएंगे। इससे सभी थाने, न्यायालय, जेल, एफएसएल और अभियोजन प्रणाली का आपस में डेटा का आदान–प्रदान आसानी से होगा। एडीजी, आधुनिकीकरण अजिताभ कुमार ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी।

——साउंड बाइट——

एडीजी ने बताया कि राज्य के एक हजार दो सौ बारह थाने सीसीटीवी से लैस हो चुके हैं। बचे हुए एक सौ सत्तर थानों में भी तीन महीने में सीसीटीवी लगा दिया जाएगा। एक थाना में औसतन बारह से तेरह कैमरे लगे हैं, जिनमें अठारह महीने तक की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने की व्यवस्था है।

————————————————————

यातायात नियमों के उल्लंघन की सूचना अब आम लोग भी सीधे परिवहन विभाग को दे सकेंगे। विभाग ने इसके लिए वॉट्सएप नम्बर– **नौ एक पांच तीन नौ सात एक आठ नौ सात** और ई–मेल आईडी– **कमांड कंट्रोल सेंटर बिहार एट द रेट जीमेल डॉट कॉम** जारी किया है।

————————————————————

प्रदेश के सरकारी अनुदान प्राप्त मदरसों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था होगी। शिक्षा विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वर्तमान में एक हजार नौ सौ बयालीस मदरसों में स्मार्ट क्लास शुरू होगा। इसका उद्देश्य मदरसों को आधुनिक शैक्षिक तकनीक से जोड़कर छात्रों की समग्र साक्षरता और डिजिटल कौशल को बढ़ाना है।

————————————————————

सरकारी विद्यालय के पांचवीं और छठी कक्षा के बच्चों के लिए गर्मी की छुट्टी में समर कैंप लगेगा। इनमें भाषा और गणितीय दक्षता में अपेक्षाकृत कमजोर बच्चे मुख्य रूप से शामिल लेंगे। प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम वीरकर ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि समर कैंप समुदाय आधारित होगा तथा प्रत्येक कैंप में दस से पंद्रह छात्र–छात्राओं को शामिल किया जाएगा। चिह्नित बच्चों की संख्या और उनके निवास स्थान के आधार पर कैंप स्थल का चयन किया जाएगा।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने तीन जून को होने वाली तैंतीसवीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा को स्थगित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में यह निर्णय लिया गया है। बीपीएससी इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। सुप्रीम कोर्ट के अंतिम आदेश के बाद ही परीक्षा की नई तारीख की घोषणा की जाएगी।

———————————————————————

सुपौल, मधेपुरा, अररिया, किशनगंज, शिवहर, वैशाली, बांका और भागलपुर समेत राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई है। कई जगहों पर ओलावृष्टि की भी खबर है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि आंधी के चलते कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए, जिससे आवागमन और बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है। ओलावृष्टि के कारण खेतों में लगी फसल के साथ–साथ आम और लीची की फसल को व्यापक नुकसान हुआ है। इधर, मौसम विभाग ने आज भी राज्य के उत्तरी हिस्सों में कई जगहों पर बारिश का अलर्ट जारी किया है।

––साउंड बाइट––

———————————————————————

इधर, राज्य का दक्षिणी हिस्सा भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहतास के डेहरी में अधिकतम तापमान छियालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो अब तक का नौवां अधिकतम तापमान है। औरंगाबाद का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव पांच, कैमूर का चौवालीस दशमलव चार, बक्सर का तैंतालीस दशमलव एक और गयाजी का अधिकतम तापमान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। डेहरी, औरंगाबाद और कैमूर में लू की स्थिति बनी रही। विभाग ने कहा है कि राज्य के दक्षिणी हिस्सों में आज भी तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा।

———————————————————————

भीषण गर्मी को देखते हुए शेखपुरा जिला प्रशासन ने तीस मई तक सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में आठवीं कक्षा तक के वर्ग संचालन पर रोक लगा दी है। इधर, बेगूसराय में आठवीं तक की कक्षाएं सुबह साढ़े दस बजे तक, जबकि नौवीं से बारहवीं तक की कक्षाएं सुबह साढ़े ग्यारह बजे तक ही संचालित होंगी।

———————————————————————

स्वच्छता सर्वे के तहत केंद्रीय टीम पटना नगर निगम के वार्डों में नगर निगम द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जांच शुरू कर दी है। कल नगर निगम के पांच अंचलों में केंद्रीय टीम पहुंची। यह टीम गंगा किनारे घाटों की स्वच्छता और सफाई के दावों की भी जांच करेगी।

———————————————————————

गयाजी के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू पिपरपांती मोहल्ला स्थित एक घर में औषधि विभाग और पुलिस की टीम ने छापेमारी कर पचास लाख रुपये मूल्य की नकली और नशे की दवा के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

मुंगेर की अदालत ने चर्चित दीपक ठाकुर हत्याकांड में शशि मंडल को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

———————————————————————

सुपौल जिले के पिपरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक पिकअप वैन से चार सौ अट्ठाईस किलो गांजा बरामद किया है। मौके से एक तस्कर की गिरफ्तारी हुयी है।

———————————————————————

पटना के अगमकुंआ थाना क्षेत्र से पुलिस ने ठग गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से छह लाख छप्पन हजार रुपये, सोने–चांदी के आभूषण समेत कई अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं।

———————————————————————

खगड़िया पुलिस और एसटीएफ की टीम ने मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मिर्जापुर बरदह गांव से मिनी गन फैक्ट्री चलाने के आरोपी परवेज चांद को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज क्वालीफायर–वन मुकाबले में मौजूदा चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना गुजरात टाइटंस से होगा। जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता मुकेश कुमार बल।

––साउंड बाइट––

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है – पिछले ग्यारह दिनों पेट्रोल आठ रुपये बारह पैसे और डीजल में सात रुपये सतासी पैसे का इजाफा।

दैनिक जागरण लिखता है – मैथिली को मातृभाषा विषय की मान्यता, सीएम ने जताया आभार।

प्रभात खबर सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखता है – एनटीए ने पिछली गलतियों से कुछ नहीं सीखा।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – भोजपुरी लोक गीतों के वैश्विक दूत भरत सिंह भारती समेत बिहार की तीन विभूतियों को पद्मश्री सम्मान।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं – विधानमंडल सचिवालय से बस सेवा का शुभारंभ।

आज अखबार लिखता है – विश्वविद्यालय में होगी फ्रेंच, जर्मन और स्पेनिश की पढ़ाई।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य के दस लाख बीपीएल परिवारों के घरों पर लगेंगे सौर ऊर्जा संयंत्र। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दिया निर्देश।

02. पटना के आईजीआइएमएस में आयुष्मान भारत योजना में फर्जीवाड़े का हुआ खुलासा। चार आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज।

03. राज्य सरकार ने मनरेगा के तहत जल संसाधन विभाग की तीन हजार एक सौ चौरानवे योजनाओं को मंजूरी दी।

04. और, प्रदेश के उत्तरी और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।